सार-समाचार

ईंट भट्टों पर रोक लगाने के निर्देश दिए

छबड़ा (निसं)। कस्बे की आबादी भूमि की बाहरी सीमा से एक किलोमीटर की दूरी तक संचालित ईंट भट्टों पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाने के लिए उपखंड मजिस्ट्रेट द्वारा निर्देश देते हुए थानाधिकारी को आदेश की पालना कराने के लिए निर्देशित कर दिया हैं। एसडीएम रामसिंह गुर्जर ने बताया कि कस्बे की आबादी भूमि में अधिक संख्या में ईंट भट्टे होने से पूरा शहर गैस चैम्बर में तब्दील हो गया है। पूर्व में इन ईंट भट्टों के संचालकों को नोटिस जारी कर आबादी भूमि से बाहर स्थानांतरित करने के आदेश दिए गए थे, जिस पर ईंट भट्टा संचालकों द्वारा ईंटों को नहीं पकाने अर्थात् शहर में धुंआ नहीं फैलाने तथा कच्ची ईंटों/मिट्टी को बाहर शिफ्ट करने का आश्वासन दिया गया था। परंतु कुछ संचालकों द्वारा ईंटों को पकाने का कार्य शुरू कर दिया है। इससे उत्पन्न धुंआ, धूल से सर्दी के मौसम में स्मॉग बनती है, जिससे मुख्य सडकों पर दृश्यता कम होने से दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है एवं आमजन के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड रहा है। इसे प्रशासन द्वारा गंभीरता से लिया गया तथा ईंटें पकाने पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाने के आदेश दिए एवं कच्ची मिट्टी के स्टॉक एवं कच्ची ईंटों को स्थानांतरित करने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है। आदेश की पालना नहीं करने पर संबंधित संचालकों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

साहू समाज का प्रतिभा समारोह संपन्न

छबडा (निसं)। मां कर्मा देवी उत्थान सेवा समिति द्वारा साहू समाज का प्रतिभा एवं स्नेह मिलन समारोह अटरु के खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम मे प्रतिभाषाली छात्र-छात्राओं, राजकीय सेवाओं में चयनित कर्मचारियों एवं सेवानिवृत्ति कर्मचारियों का स्वागत सम्मान किया। जिलाध्यक्ष नरेश साहू ने बताया कि कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियो में राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष मंजू दिनेशचंद साहू, युवा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप साहू, प्रदेश सचिव रामनरेश साहू, प्रदेश महासचिव बलराम साहू, प्रदेश युवा सचिव मांगीलाल साहू, प्रदेश युवा महामंत्री जितेंद्र साहू, कोटा जिला अध्यक्ष बृजेश साहू, झालावाड़ जिला अध्यक्ष मोहनलाल साहू, नगर अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू और महिला अध्यक्ष निर्मला साहू, कोटा नगर अध्यक्ष चौथमल साहू, मनोहर थाना नगर अध्यक्ष विजय साहू, जिला उपाध्यक्ष रामविलास साहू, जिला सचिव केशव साहू, कोटा जिला युवा महामंत्री मुरली साहू उपस्थित रहे। मंच संचालन आ टी जिलाध्यक्ष कुलदीप साहू और जिला सचिव भूपेंद्र साहू ने किया। युवा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप और प्रदेश सचिव रामनरेश ने बताया कि यह कार्यक्रम साहू समाज का राजस्थान के इतिहास का सबसे ऐतिहासिक कार्यक्रम रहा, जिसके हजारों की संख्या में समाजबंधु इसके साक्षी बने।

शिविर में 79 रोगी लाभांवित

कोटा, (निसं)। मोतियाबिंद के रोगियो के लिए लायंस क्लब कोटा के द्वारा नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन निरंतर जारी है। लायंस क्लब कोटा द्वारा आयोजित निःशुल्क नैत्र शल्य चिकित्सा शिविर झालावाड रोड स्थित लांयस क्लब भवन में सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष प्रमोद विजयवर्गीय ने बताया कि शिविर के रजिस्ट्रेशन कार्य 28 दिसम्बर से प्रारंभ किया गया था। जिसमें 180 लोगों का रजिस्ट्रेशन किया। बीपी, शुगर अन्य बिमारी के चलते 79 नेत्र रोगियो को ऑपरेशन कर मंगलवार को उन्हे काले चश्मे सौपे गए। शिविर प्रभारी अशोक नुवाल ने बताया कि सभी ऑपरेशन डॉ.विशाल स्नेही ने सभी मरीजों का ऑपरेशन आधुनिक लेजर तकनीक के माध्यम से किया और मरीजों को लेंस प्रत्यारोपित किए। उन्होने बताया कि इसके उपरान्त अगला कैम्प 6 जनवरी को तालाब गांव इटावा तथा 9 जनवरी को लायंस क्लब कोटा में आयोजित होगा। इस अवसर पर सचिव वीरेन्द्र विजय, क्बल सदस्य राम मदनानी, सतीश पंजवानी, पवन पारेता, सतीश पंजवानी उपस्थित रहे।

जागरुकता रैली आयोजित

कोटा, (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाईड स्थानीय संघ कोटा दक्षिण और जायसवाल परिवार के संयुक्त तत्वावधान में मनाए जा रहे स्व. सेठ प्रभुलाल-कल्याणी बाई जायसवाल स्मृति पखवाड़े में मंगलवार को कब बुलबुल ने जल संरक्षण पर रैली निकाली। इस दौरान गाइड्स हाथों में जल बचाओं का संदेश देती तख्तियां लेकर चल रहे थे। रैली में जल की एक-एक बूंद बचाने के लिए जागरुक करते, नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। इस अवसर पर आयोजित वार्ता में स्थानीय संघ सचिव प्रकाश जायसवाल ने कहा कि जल मानव जीवन के लिए बहुमूल्य निःशुल्क प्राकृतिक संपदा है। जल के अभाव में मानव सहित किसी भी जीव की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने पृथ्वी पर मानव के उपयोग के लिए उपलब्ध जल की मात्रा को अत्यंत सीमित बताते हुए इसके संरक्षण के विभिन्न उपायों से विस्तार में अवगत कराया। इस दौरान साबुन वितरण भी किया गया तथा मोरों को दाना-पानी डाला गया। वार्ता में मीनाक्षी महावर, धरणी कुमारी, गायत्री यादव, अनामिका वर्मा, डिंपल महावर सहित कब बुलबुल स्काउट गाइड मौजूद रहे।

दिव्य विवाह में फूल बरसाए

छबड़ा (निसं)। श्रीमद्भागवत कथा में मंगलवार को जगद्गुरू धराचार्य महाराज ने हजारो की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओ को महारास, श्रीकृष्ण रुकमणी विवाह, कंस वध आदि के भावपूर्ण प्रसंग सुनाए। कथा के छठे दिन महाराज ने रास पंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय है। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण है। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है वह भव पार हो जाता है। प्रहलाद शर्मा ने बताया कि महाराज ने भगवान कृष्ण द्वारा कंस के वध एवं संदीपनी गुरु के यहां शिक्षा एवं दामोदर नाम की व्याख्या तथा द्वारकापुरी के निर्माण का सुंदर वर्णन किया। श्रीमद् भागवत कथा का अंतिम दिन होने के चलते बुधवार को हवन, यज्ञ आदि के साथ कथा की पूर्णाहुति की जाएगी।

आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

छबड़ा (निसं)। साहू समाज परगना पंचायत छबड़ा द्वारा एसडीएम को मध्यप्रदेष सीएम के नाम ज्ञापन देकर चिकित्सक की हत्या करने के आरोपियों को सख्त सजा दिलवाने व मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता राषि दिलवाए जाने की मांग की। गिर्राज, पवन, सोनू, विश्णु, राजकुमार, अनिल, प्रेमानंद, मोहनलाल, संजय, राजेंद्र आदि द्वारा दिए ज्ञापन में बताया कि डॉ. सुनिल साहू पुत्र जगदीष निवासी कुंभराज जिला गुना मध्यप्रदेष, जो लगभग तीन वर्श से इंदोर में रहते थे और वहां क्लिनिक चलाते थे। विगत षुक्रवार सुबह दस बजे उनके क्लिनिक पर आए उज्जैन निवासी मास्टर माइंड संतोश षर्मा व उसके अन्य साथियों ने बंदूक से गोली मारकर सुनिल की हत्या कर मौके से फरार हो गए। इस घटना से सम्पूर्ण समाज में रोश व्याप्त हैं।

शिक्षा ही समाज की प्रगति का प्रमुख आधार : ओम बिरला

कोटा, (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मंगलवार को रामगंजण्डी के प्रवास पर रहे। इस दौरान वे बैरवा दिवस व महर्षि बालिनाथजी की जंयती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। बिरला ने अपने संबोधन में कहा कि महर्षि बालीनाथजी का जीवन प्रेरणा, सेवा और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है।

उन्होंने अपने तप और त्याग से समाज को एक नई दिशा दी। उनका संदेश हमें सिखाता है कि जब तक समाज का हर व्यक्ति शिक्षित, सशक्त और समान अवसरों से युक्त नहीं होगा, तब तक

■ बैरवा समाज के नवनियुक्त कर्मचारी व वरिष्ठजनों को सम्मानित किया

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला बैरवा दिवस व महर्षि बालिनाथ जी की जंयती के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

सच्चे समाज का निर्माण संभव नहीं है। समाज को प्रगति और समानता के पथ पर अग्रसर करना है तो शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि समाज मिलकर यह प्रण ले कि कोई भी बेटा-बेटी शिक्षा से वंचित न रहें। धन के अभाव में कोई भी शिक्षा और स्वास्थ्य से वंचित न रहे यह मेरी भी जिम्मेदारी है। बिरला ने कहा कि बाबासाहब भीमराव अंबेडकर के पद चिन्हों पर चलने वाले बैरवा समाज के लोगों ने अपने परिश्रम से एक नई पहचान बनाई हैं। बाबा साहब ने समाज को शिक्षा, सामाजिक सुधार और आर्थिक सशक्तिकरण का मार्ग दिखाया। मुझे विश्वास है कि समाज की नई पीढ़ी भी उनके बताए मार्ग पर चलते हुए आगे बढ़ेगी।

इस दौरान बिरला ने समाज के नवनियुक्त कर्माचारियों व पेंशनर्स को भी सम्मानित किया। पूर्व मंत्री रामगोपाल बैरवा ने कहा कि समाज ने कठिन परिस्थितियों और चुनौतियों के बावजूद अपने संघर्ष, दृढ़ संकल्प और शिक्षा के माध्यम से प्रगति की है। बाबा साहब अंबेडकर के आदर्शों को अपनाते हुए समाज ने समानता, शिक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाए। आज बैरवा समाज के लोग विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं और ऊंचे पदों पर आसीन हैं। उनकी सफलता यह दर्शाती है कि मेहनत और समर्पण से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम गोचर, प्रधान कलावती मेघवाल, उप प्रधान कृष्णगोपाल अहीर व अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया।

तीन दिवसीय बर्ड फेयर 13 से

कोटा, (निसं)। पक्षियों व वन्यजीवों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से 13 से 15 जनवरी को बर्ड फेयर का आयोजन किया जा रहा है। अभेड़ा तालाब, जोरा बाई तालाब, उम्मेदगंज पक्षी विहार कन्जरवेशन रिजर्व, अलनिया बांध, सोढिया तलाई एवं अन्य महत्वपूर्ण वॉटर बॉडिज पर पक्षियों ने अपना डेरा डाल लिया है। उप वन संरक्षक वन्य जीव अनुराग कुमार भटनागर ने बताया कि बर्ड फेयर अभेड़ा बायोलोजिकल पार्क, के परिसर में लगाया जायेगा जिसमे पक्षियों के चित्रों की प्रदर्शनी लगाई जायेगी। उन्होंने बताया कि वर्ड रेंस एवं ट्रेकिंग आदि गतिविधियों का आयोजन भी किया जायेगा, जिससे शहरवासी अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों को निहारने का अवसर प्राप्त कर सकेंगे।

उड़ान-2025 कार्यक्रम आज से

कोटा, (निसं)। टैक्स बार एसोसिएशन कोटा की ओर से 1 से 12 जनवरी 2025 तक उड़ान-2025 कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसका शुभारंभ एक जनवरी को गीता भवन में भजन संध्या के साथ होगा। टैक्स बार एसोसिएशन कोटा के अध्यक्ष सीए ऋषभ मित्तल व सचिव सीए हितेश दयानी ने बताया कि संस्था की ओर से समाज व राष्ट्र को समर्पित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उड़ान-2025 के संयोजक एडवोकेट राजकुमार विजय और सीए लोकेश माहेश्वरी के अनुसार कर विशेषज्ञ 1 जनवरी को भजन संध्या के साथ अंग्रेजी नववर्ष की शुरुआत करेंगे। इसके बाद 2 जनवरी को ब्लड डोनेशन कर रक्तदान की मुहिम को बढ़ावा देंगे।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम विजय प्रताप सिंह सोलंकी से बदलकर नया नाम विजय प्रताप सिंह रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-विजय प्रताप सिंह पुत्र कुशाल पाल सिंह मकान नम्बर 96-ए प्रताप नगर थर्ड देवली अरब रोड बोरखेड़ा कोटा

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम महेन्द्र कुमार गोयल से बदलकर नया नाम महेन्द्र गोयल रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-महेन्द्र गोयल पुत्र घीसु लाल गोयल मकान नम्बर बी-133 राधाकृष्ण मंदिर के पास तलवंडी कोटा

राजस्थान सरकार

कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा खण्ड कोटा

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त संबंधित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 98/2024

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री देवेन्द्र आचार्य पुत्र श्री रामनारायण निवासी डी 12 ज्ञान सरोवर कोलोनी गिरधरपुरा बून्दी रोड कोटा द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (2) के अंतर्गत प्रन्यास "स्नेहधाम परमार्थ चेरिटेबल ट्रस्ट" नारायण का घर डी 12 ज्ञान सरोवर गिरधरपुरा बून्दी रोड कोटा के संबंध में पंजीयन हेतु जांच किए जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

और सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 27.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 27.02.2025 है।

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग कोटा

मजदूर वर्ग के बच्चों को गर्म वस्त्रों का वितरण

कोटा, (निसं)। एक उम्मीद सेवा संस्थान के द्वारा गरीब मजदूर वर्ग के छोटे बच्चों के लिए गर्म वस्त्र वितरित किये गए। एक उम्मीद सेवा संस्थान के गर्म वस्त्र वितरण, अभियान में लगातार संस्था के सदस्यों द्वारा तलवंडी, आरकेपुरम, श्रीनाथपुरम, संतोषी नगर में झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले मामा लोगों के छोटे-छोटे बच्चों को ढूंढ-ढूंढकर गर्म जरकिने पहनते हुए उनके माता-पिता के चेहरों पर जो मुस्कान ओर खुशी थी वो दिल को सुकून पहुंचने वाली थी। संस्था के प्रवक्ता मनोज अजमेरा ने बताया कि इस कपकपाती हुई सर्दी में इन के छोटे-छोटे बच्चे बिना गर्म वस्त्र के रहते है ऐसे में संस्था की इस छोटी सी पहल इन लोगों के बच्चों के लिए मददगार सावित होगी। हर साल को तरह गर्म वस्त्र बांटने का यह अभियान दिनांक 25 दिसम्बर 2024 से लेकर नये साल की एक जनवरी 2025 तक चलाया जाता है इसमें संस्था के अध्यक्ष डॉ रियाज खान, उपाध्यक्ष एडवोकेट खुशाल गुप्ता, अबरार खान मौजूद रहे।

उपजिला चिकित्सालय के लिए आवंटित की गई भूमि की समीक्षा की मांग

■ भाजपा शहर अध्यक्ष ने विधायक को पत्र प्रेशित कर आग्रह किया

■ कांग्रेस नगर अध्यक्ष ने निंदा की

छबड़ा (निसं)। भाजपा नगर अध्यक्ष ने विधायक को पत्र प्रेशित कर उपजिला चिकित्सालय के लिए आवंटित की गई भूमि की समीक्षा कर पुनः विचार किए जाने की मांग की है।

शहर अध्यक्ष सीपी गेरा ने प्रेशित पत्र में विधायक प्रतापसिंह सिंघवी को अवगत करवाया कि पालिका प्रषासन द्वारा कटिखंडी क्षेत्र में 11 बीघा भूमि उपजिला चिकित्सालय निर्माण के लिए आवंटित की हैं। उक्त भूमि कस्बे की विपरित दिशा व दूर होने के चलते उपर्युक्त नही हैं। शहरवासियों को एमरजेंसी में आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। जिला मुख्यालय के लिए रैफर होने वाले गंभीर मरीजों को भी समय पर पहुंच पाने की परेषानी रहेगी।

वही, कटिखंडी क्षेत्र में चिकित्सा सुविधा के चले जाने से आमजन में निराषा हैं। अध्यक्ष ने विधायक से आग्रह किया कि षहर के मध्य स्थित वर्तमान सीएचसी स्थल की 8 बीघा भूमि पर दो मंजिला भवन स्थापित किया जा सकता हैं। इसके चलते आवंटित की गई भूमि की समीक्षा कर आमजन के हित में उचित निर्णय लिया जाए।

कांग्रेस नगर अध्यक्ष ने की निंदाः- कांग्रेस नगर अध्यक्ष हरीषचंद्र माहेष्वरी ने उपजिला चिकित्सालय के लिए कटिखंडी क्षेत्र में आवंटित की गई भूमि की निंदा करते हुए कहा कि अगर उपजिला चिकित्सालय कटिखंडी में बनता हैं तो रीछडा गांव में आवासन मण्डल की कॉलोनी का जो हाल हुआ है, वही इस चिकित्सालय का होगा। यहां जाने तक सड़क नही होने के कारण दूर-दराज के ग्रामीण व यहां के लोगो को काफी परेशानी होगी।

यहां की लगभग 90 प्रतिषत आबादी कटिखंडी में चिकित्सालय के निर्माण के पक्ष में नहीं हैं। वर्तमान में सीएचसी चिकित्सालय 8 बीघा में बना हुआ हैं।

यहां पर ही उपजिला चिकित्सालय बनाने पर प्रषासन को पुनः विचार करना चाहिए ताकि छबड़ा की जनता को परेशान न होना पड़े और मुख्यमंत्री द्वारा दी गई सौगात का लाभ मिल सके।

केमिस्ट एसोसिएशन जता चुका है विरोधः- स्थानीय केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण लोधा ने कटिखंडी क्षेत्र में उपजिला चिकित्सालय के लिए आवंटित की गई भूमि पर नाराजगी व्यक्त करते कहा कि मांगरोल व अटरू की तर्ज पर शहर के मध्य स्थित वर्तमान सीएचसी की 8 बीघा भूमि पर ही उपजिला चिकित्सालय का निर्माण किया जाना आमजन के हित में रहता।

उनके द्वारा मुख्यमंत्री व चिकित्सा मंत्री को पत्र प्रेषित कर वर्तमान सीएचसी स्थल पर ही चिकित्सालय निर्माण की मांग की गई थी। एसोसिएशन सदस्य शीघ्र ही जयपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री व चिकित्सा मंत्री से मिलकर शहर के मध्य में स्थित सीएचसी स्थल पर ही चिकित्सालय निर्माण की मांग की जाएगी।

वर्ष 2024 में अपराधों के ग्राफ में आई गिरावट, अपराधियों में बढ़ा भय : एस.पी. अमृता दुहन

कोटा, (निसं)। शहर पुलिस ने वर्ष 2024 में किये गये अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, कोचिंग छात्रों की सुरक्षा, महिलाओं के प्रति अपराधों की रोकथाम और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये कई नवाचारों और अभियान का संचालन किया। शहर पुलिस अधीक्षक अमृता ने वर्ष 2024 में किये गये अपराध नियंत्रण में हासिल उपलब्धियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष पुलिस का फोकस कोचिंग एरिया क्षेत्र में रहा। कोचिंग ऐरिया में बाहर से आने वाले छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के लिये कई तरह के अभियान चलाये गये।

कोचिंग एरिया मे मादक पदार्थ के नशे के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 56 प्रकरण एनडीपीएस एक्ट मे दर्ज कर 62 अपराधियों की गिरफ्तारी की गई। वहीं इस वर्ष महिला अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये कालिका यूनिट का गठन किया गया। शहर एसपी ने बताया कि पिछले वर्ष 2023 की तुलना में वर्ष 2024 में महिला अपराधों में 20 प्रतिशत की कमी को दर्ज किया गया। शहर एसपी ने बताया कि इस वर्ष पुलिस ने ऑपरेशन व्रज प्रहार के तहत् चिन्हित गैंग और अपराधियों पर सख्त कार्यवाही करते हुए विभिन्न मामलों में 889 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने वर्ष 2024 में ईनामी एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिये चलाये गये अभियान में 151 अपराधियों को गिरफ्तार किया। शहर एसपी ने बताया कि वर्ष 2023 में फायरिंग के 17 अपराधिक प्रकरणों की तुलना में वर्ष 2024 में 8 अपराधिक प्रकरण दर्ज किये गये है। वही शहर में चाकूबाजी की घटनाओं में वर्ष 2023 में 131 अपराधिक प्रकरण की तुलना में वर्ष 2024 में 101 अपराधिक प्रकरण दर्ज हुए है। शहर पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन ने बताया कि वर्तमान में अभय कमाण्ड सेन्टर में 560 सीसीटीवी कैमरों की सहायता से वर्ष 2024 में शहर में होने वाली विभिन्न घटनाओं व अपराधों पर अंकुश लगाते हुए सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरी किये गये वाहन, चैन स्नैचिंग, लूट, नकबजनी, फायरिंग आदि घटनाओं का खुलासा किया गया। शहर एसपी ने बताया कि वर्ष 2024 में मानव तस्करी विरोधी यूनिट ने कार्यवाही करते हुए 224 नाबालिग बालक-बालिकाओं को दस्तयाब किया। शहर एसपी ने बताया कि आगामी नववर्ष में साईबर थाने को तकनीकी एवं संसाधनों के रूप सुदृढ़ करने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ने 15 लाख की पहली किश्त जारी कर दी है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है **(1)हिरकी (2)कान्हा राम (3)जीवा (4)शंकर (5)लीला बाई**, निवासी- संतोषी नगर, मार्बल चौराहा, थाना आरके पुरम जिला कोटा राजस्थान, भारत ने **एफ आई आर नंबर 186/2021 धारा 498ए/406/34 भा.द.स, थाना ख्याला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1)हिरकी (2)कान्हा राम (3)जीवा (4)शंकर (5)लीला बाई** मिल नहीं रहे और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **(1)हिरकी (2)कान्हा राम (3)जीवा (4)शंकर (5)लीला बाई** फ़रार हो गए है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **(1)हिरकी (2)कान्हा राम (3)जीवा (4)शंकर (5)लीला बाई, एफ आई आर नंबर 186/2021 धारा 498ए/406/34 भा.द.स, थाना ख्याला, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 07.02.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
सुश्री शिवली तलवार
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (पश्चिम)
(महिला न्यायालय)-01
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/17097/WD/2024

सेवानिवृत्ति पर रेल कर्मचारियों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया

रेलकर्मियों को गोल्ड मेडल प्रदान किये गये।

कोटा, (निसं)। रेलवे विभाग कोटा मण्डल से इस वर्ष 2024 के अंतिम माह दिसम्बर में आयुसीमान्तर्गत 25 रेल सेवकों का सभागृह में विदाई समारोह आयोजित किया गया। अपर मंडल रेल प्रबंधक आर.आर.के. सिंह द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे सभी कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कोटा मंडल से दिसम्बर माह में विभिन्न विभागों के 25 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। जिनमें मुख्य कार्यालय अधीक्षक, कार्यालय अधीक्षक, वरिष्ठ तकनीशियन, ट्रैकमेंन, सीनियर सेक्शन इंजीनियर, हेल्पर, स्टेशन अधीक्षक, खानपान निरीक्षक, मुख्य टिकट परीक्षक एवं शंटिंग मास्टर इत्यादि महत्पूर्ण पदों पर कार्यरत कर्मचारी शामिल रहे। सभी सेवानिवृत्त हो रहे रेल सेवको को संबंधित दस्तावेज जैसे- पेंशन पे आर्डर, सेवा प्रमाण पत्र, सर्विस रिकार्ड की सॉफ्ट कापी, पहचान पत्र, मेडिकल कार्ड, कंपोजिट ट्रांसफर ग्रांट भत्ता एवं पास आवेदन तथा प्राधिकार पत्र प्रदान किये गये। इस दौरान एडीआरएम ने उदवोधन में कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति राशि का सदउपयोग, स्वास्थयमय जीवन व्यतीत करने की सलाह देते हुए उनके भावी सुखी जीवन की शुभकामना दी तथा रेलवे के प्रति समर्पण, निष्ठा एवं अतुलनीय योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक आर.के.प्रजापत, मंडल कार्मिक अधिकारी अविरल शर्मा, सहायक कार्मिक अधिकारी विद्या भूषण भारती, सहायक मंडल वित्त प्रबंधक त्रिभुवन कुमार, सेवानिवृत्त कर्मचारी तथा उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कोटा, विकास प्राधिकरण (केडीए)

क्रमांकः LU2012/KOT/2024-25/100855 **लोक सूचना** दिनांकः 31/12/2024

श्री GURBAJ SINGH BRAR पुत्र श्री SUKHVINDAR SINGH जाति JAT SIKH निवासी GURUNANAK KRISHI FARM, BARAN ROAD, DEVLI ARAB, KOTA श्री GURDANISH SINGH BRAR पुत्र श्री LT. SH. AMRITPAL SINGH जाति JAT SIKH निवासी GURUNANAK KRISHI FARM, BARAN ROAD, DEVLI ARAB, KOTA, श्री HARNEK SINGH पुत्र श्री AJAYAB SINGH जाति SIKH निवासी GURUNANAK KRISHI FARM, BARAN ROAD, INFRONT OF MAHALAXMI ENCLAVE, DEVLI ARAB, KOTA श्री SATPREET SINGH BRAR पुत्र श्री SUKHVINDAR SINGH जाति JAT SIKH निवासी GURUNANAK KRISHI FARM, BARAN ROAD, DEVLI ARAB, KOTA

ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थातः-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)	क्षेत्रफल (हैक्टे.)
1.	नया नोहरा, लाडपुरा (कोटा)	GURDANISH SINGH BRAR S/O LT. SH. AMRITPAL SINGH HI. 1/6 CASTE JAT SIKH 2. GURBAJ SINGH BRAR S/O SUKHVINDAR SINGH HI. 1/6 CASTE- JAT SIKH 3. SATPREET SINGH BRAR S/O SUKHVINDAR SINGH HI. 1/6 CASTE JAT SIKH, 4. HARNEK SINGH S/O AJAYAB SINGH HI. 1/2	7	500	0.05
			9	3700	0.37
			11	15750	1.575
				कुल	1.995

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के आभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 31-12-2024 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

क्रमांकः-LU2012/KOT/2024-25/100846 **लोक सूचना** दिनांकः-30.12.2024

श्री MANISH VARSHNEY पुत्र श्री GYAN CHAND VARSHNEY जाति VARSHNEY निवासी VARSHNEY BHAWAN MAYUR COLONY, RANPUR,KOTA

श्री MANOJ GUPTA पुत्र श्री GYAN CHAND VARSHNEY जाति VARSHNEY निवासी VARSHNEY BHAWAN MAYUR COLONY, RANPUR,KOTA ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का वाणिज्य प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थातः-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)	क्षेत्रफल (हैक्टे.)
1.	बोरखंडी लाडपुरा (कोटा)	MANIDH VARSHNEY	82/498	1600	0.16
2.	बोरखंडी लाडपुरा (कोटा)	MANOJ GUPTA	82/499	1600	0.16
				कुल	0.32

इसलिये, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के आभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 30.12.2024 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

एसबीआईभारतीय स्टेट बैंक
प्राधिकृत अधिकारी
संपर्क-9560205656

शाखा तनावपात संपत्ति प्रबंधन शाखा-II, शाखा का पता- रबेजा चेम्बर्स, ग्राउंड फ्लोर, बिंग-बी फ्री प्रेस जर्नल मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुम्बई-400021, टेलीफोन नं. 022-41611401,